(b) The Government is implementing various schemes and programmes which would help to achieve a sustained growth in agricultural production in general and foodgrains in particular for meeting the increasing demand of the rising population in future.

(c) In order to reduce unculturable waste and fallow lands the Government is implementing various soil conservation schemes with the objecive of prevention of land degradation and reclamation of such problem areas and improvement in productivity. The programmes for expansion of irrigation facilities would help in reducing fallow lands.

खेल परियोजना विकास क्षेत्र योजना के अंतर्गत केन्द्र

2702. **श्री अजीत जोगी:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केन्द्रीय सरकार द्वारा खेल परियोजना विकास क्षेत्र योजना के अंतर्गत केन्द्रों की स्थापना हेतु राज्यों को कितनी केन्द्रीय सहायता प्रदान की जा रही है।

(ख) ऐसे केन्द्रों की स्थापना के लिए राज्य-वार कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(ग) अब तक कितने प्रस्ताव अनुमोदित किए जा चुके हैं; और

(घ) विचाराधीन प्रस्तावों की संख्या कितनी है और उन्हें कब तक अनुमोदन प्रदान किए जाने की संभावना है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के युवा कार्य और खेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री धनुषकोड़ी आदित्यन आर०): (क) खेल की बुनियादी सुविधाओं के सृजन के लिए अनुदान की योजना के अंतर्गत, केन्द्र सरकार पहाड़ी क्षेत्रों में 75 प्रतिशत और अन्य क्षेत्रों में 50 प्रतिशत तक सहायता प्रदान करती है बशर्ते कि खेल परियोजना विकास क्षेत्रीय केन्द्र के लिए खेल की बुनियादी सुविधाओं के सृजन हेतु अधिकतम रकम 75.00 लाख रुपये हो।

(ख) और (ग) सूचना संलग्न विवरण में दी गई है (नीचे देखिए)।

(घ) धनराशि की कमी के कारण शेष प्रस्तावों को स्वीकृत करना संभव नहीं हो पाएगा।

विवरण

क्रम सं०	राज्य का नाम	भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा प्राप्त प्रस्तावों की संख्या	मामलों की संख्या जिनमें खेल की बुनियादी सुविधाओं के सृजन की योजना के अंतर्गत अनुदान दिए गए हैं
1	2	3	4
1.	आन्ध्र प्रदेश	4	3
2.	अरुणाचल प्रदेश	1	1
3.	असम	2	1
4.	बिहार	3	3
5.	दिल्ली	0	0
6.	गोवा	1	1
7.	गुजरात	3	3
8.	हरियाणा	1	1
9.	हिमाचल प्रदेश	1	1
10.	जम्मू व कश्मीर	1	1
11.	कर्नाटक	2	2
12.	केरल	2	2
13.	मध्य प्रदेश	5	5
14.	महाराष्ट्र	4	4
15.	मणिपुर	0	0
16.	मेघालय	1	1
17.	मिजोरम	0	0
18.	नागालैण्ड	1	1
19.	उड़ीसा	2	2
20.	पंजाब	2	2
21.	राजस्थान	3	2
22.	सिक्किम	0	0
23.	तमिलनाडु	2	2
24.	त्रिपुरा	0	0
25.	उत्तर प्रदेश	10	3
26.	प० बंगाल	2	2
संघ शासित क्षेत्र			
27.	अंडमान व निकोबार	0	0
28.	चण्डीगढ़	1	1
29.	दादर व नागर हवेली	0	0
30.	दमन व दीव	0	0
31.	लक्षद्वीप	0	0
32.	पांडिचेरी	0	0